वीयू – तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

मैथर्ड इन वाइल्ड एनिमल हेल्थ केयर एंड फॉरेंसिक इन्वेस्टिगेशन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

आज दिनाँक 13.11.2024 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर में चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरू प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा, मुख्य अतिथि के रूप में देश के कोने–कोने से आये हुए विटनरी साईंस एवं वाईल्डलाईफ सांइस के स्नातकोत्तर तथा पी.एच.डी. के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के प्रमाण–पत्र वितरित किये और अपने उद्बोधन में इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण को दैनिक जीवन में उतारते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सुझाव दिये कि निकट भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी कार्यशाला तथा सम्मेलन आयोजित किये जावें, ताकि मध्यप्रदेश में स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर के उल्लेखनीय कार्यों को देश के कोने–कोने में पहुँचाया जा सके, जिससे कि वन्यजीव संरक्षण को युद्ध स्तर पर प्रचुर और शक्तिवान बनाया जा सके।

इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. श्रीकांत जोशी, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा तथा स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर की संचालिका डॉ. शोभा जावरे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में की गई समस्त गतिविधियों को एक चल–चित्र के माध्यम से कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निर्देशक, डॉ. देवेंद्र पोधाडे द्वारा किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सम्मानीय प्रोफेसर विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी मेंबर्स और प्रशिक्षु विद्यार्थीगण इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राजपूत तथा आभार प्रदर्शन डॉ. के.पी. सिंह ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर